आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 01.04.2024

मुख्य समाचारः–

1– लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी–मुख्यमंत्री कल कांकेर में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग की नामांकन रैली में शामिल होंगे–वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे।

2– निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया।

3– तेज गर्मी के कारण अब प्रदेश के सभी सरकारी स्कूल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक लगेंगे।

4– सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया–दंतेवाड़ा में एक माओवादी ने किया आत्मसमर्पण।

लोकसभा चुनाव–नामांकन

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र सार्वजनिक अवकाश दिवसों को छोड़कर कार्यालयीन दिवसों में सुबह ग्यारह बजे से दोपहर तीन बजे तक जमा कर सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग की नामांकन रैली में शामिल होंगे। वहीं, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव तथा पूर्व गृह मंत्री और कांग्रेस नेता ताम्रध्वज साहू महासमुंद संसदीय क्षेत्र से कल अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसी तरह, कांकेर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर परसों तीन अप्रैल को नामांकन पत्र भरेंगे।

मतदान–अवकाश

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के दिन संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश की घोषणा की है। प्रदेश में तीन चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान पहले चरण में बस्तर की एकमात्र सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। इस दिन कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले में अवकाश रहेगा।

वहीं, दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्रों में मत डाले जाएंगे। इस दिन राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कबीरधाम, खैरागढ़–छुईखदान–गंडई, राजनांदगांव और मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले में अवकाश रहेगा। इसी तरह, महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के गरियाबंद, महासमुंद और धमतरी तथा कांकेर लोकसभा क्षेत्र के बालोद, कांकेर, कोंडागांव और धमतरी जिले में अवकाश घोषित किया गया है।

इसके अलावा तीसरे चरण में सात मई को होने वाले सात लोकसभा क्षेत्रों – सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर–चांपा, कोरबा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर के अंतर्गत आने वाले जिलों में छुट्टी घोषित की गई है। इनमें सूरजपुर, बलरामपुर, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, सारंगढ़–बिलाईगढ़, जांजगीर–चांपा, सक्ती, बलौदाबाजार–भाटापारा, कोरबा, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, कोरिया, मुंगेली और बिलासपुर जिला शामिल हैं। वहीं, दुर्ग, बेमेतरा और रायपुर जिले में भी सात मई को अवकाश की घोषणा की गई है।

भाजपा–बैठक

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा है कि विकसित भारत के लिए देश में मोदी जी की सरकार जरूरी है। श्री नबीन महासमुंद लोकसभा प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दस साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से ही आज देश सुशासन और विकसित राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा हुआ है।

उधर, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज सक्ती में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने चुनावी रणनीति पर चर्चा कर जरूरी दिशा–निर्देश दिए।

भाजपा–महिला मोर्चा बैठक

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की आज रायपुर में बैठक हुई। बैठक में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के तहत तीन विधानसभा क्षेत्रों की पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। आगामी चुनाव में रायपुर सहित छत्तीसगढ़ की सभी लोकसभा सीटों में जीत हासिल कर केन्द्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनानी है। बैठक को रायपुर लोकसभा प्रभारी संदीप शर्मा, रायपुर लोकसभा चुनाव समिति की महिला संपर्क प्रमुख मीनल चौबे ने भी संबोधित किया।

कांग्रेस–प्रेसवार्ता

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने देशवासियों को पांच न्याय की गारंटी दी है। इनमें नारी न्याय, किसान न्याय, युवा न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय की गारंटी शामिल हैं। आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में श्री बैज ने कहा कि नारी न्याय के तहत केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर महिला को सालाना एक लाख रूपये दिए जाएंगे। वहीं, सरकारी नौकरियों में पचास प्रतिशत का आरक्षण दिया जाएगा। किसान न्याय के तहत न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी दर्जा दिया जाएगा। युवा न्याय के तहत तीस लाख नई नौकरियां, श्रमिक न्याय के तहत मनरेगा की न्यूनतम मजदूरी को दो सौ रूपये से बढ़ाकर चार सौ रूपये की गारंटी और स्वास्थ्य अधिकार शामिल हैं। इसी तरह, पार्टी ने हिस्सेदारी न्याय के तहत सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना कराने तथा एससी, एसटी और ओबीसी आरक्षण पर पचास प्रतिशत की सीमा को हटाने जैसी गारंटियां भी दी हैं।

वहीं, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर चंदन यादव कल रायपुर आएंगे। इस दौरान वे पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

स्कूल–समय परिवर्तन

प्रदेश में तेज गर्मी और तापमान में बढ़ोत्तरी के कारण स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। अब प्रदेश के सभी सरकारी स्कूल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर साढ़े ग्यारह बजे तक लगेंगे। जारी आदेश में सभी विकासखंड के शिक्षा अधिकारी, हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों और प्राथमिक शाला तथा पूर्व माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों को निर्देश का पालन करने को कहा गया है।

माओवादी–मुठभेड़

सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि आज सुबह डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान टेटमड़गु के जंगल में पहले से घात लगाए बैठे माओवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई के बाद माओवादी जंगल का फायदा उठाकर भाग गए। बाद में घटनास्थल की तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों ने एक माओवादी का शव बरामद किया। मौके से बैरल ग्रेनेड लॉन्चर के अलावा भारी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

वहीं, दंतेवाड़ा जिले में लोन वर्राटू अभियान के तहत एक माओवादी ने पुलिस अधीक्षक गौरव राय के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। यह माओवादी भैरमगढ़ एरिया कमेटी के कुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया प्लाटून सेक्शन–बी कमांडर के पद पर काम कर रहा था। आत्मसमर्पित माओवादी को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक जिले में एक सौ चौहत्तर इनामी सहित छह सौ छियासी माओवादी आत्मसमर्पण कर चुके हैं।

उधर, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले की सीमा से लगे महाराष्ट्र के चुटीनटोला में माओवादियों के एकत्र होने की सूचना पर गढ़चिरौली पुलिस रवाना हुई थी। लेकिन, पुलिस के पहुंचने से पहले ही माओवादी वहां से भाग गए। मौके से पुलिस ने बड़ी मात्रा में माओवादी सामान बरामद किया है।

बच्चे–बरामद

दुर्ग रेलवे स्टेशन में आज रेलवे पुलिस ने बारह बच्चों को बरामद किया है। इनमें छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों के बच्चे शामिल हैं। सभी की उम्र आठ से चौदह वर्ष के बीच बताई गई है। बच्चों ने बताया कि वे हैदराबाद स्थित बालाजी गुरूकूल के छात्र हैं और सिकंदराबाद–रायपुर एक्सप्रेस से दुर्ग पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि वे

अंबिकापुर में होने वाले योग कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। हालांकि, इन बच्चों के साथ स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई शिक्षक या अभिभावक नहीं होने के कारण उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन की मदद से आश्रय गृह भेज दिया गया है।

आरपीएफ के प्रभारी एस.के. सिन्हा ने बताया कि बच्चों के कुछ परिजन दुर्ग पहुंच रहे हैं। जरूरी दस्तावेजों की जांच के बाद बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया जाएगा।

कोरबा डीएसपी–लाइन अटैच

कोरबा जिले के दर्री थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी अविनाश कंवर को एक युवक की पिटाई करने के मामले में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने थाने से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अटैच कर दिया है। साथ ही इस मामले की जांच की जिम्मेदारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयभान सिंह चौहान को सौंपी गई है।

नर्सिंग परीक्षा–आवेदन

प्रदेश के शासकीय और निजी कॉलेजों में आगामी शैक्षणिक सत्र में स्नातक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि सात अप्रैल है। इच्छुक अभ्यर्थी व्यावसायिक परीक्षा मंडल की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा तेईस जून को होगी।

संक्षिप्त समाचार

– भारत सूचना सेवा की वरिष्ठ अधिकारी शेफाली शरण ने आज पत्र सूचना कार्यालय के प्रधान महानिदेशक का कार्यभार संभाला। वर्ष उन्नीस सौ नब्बे बैच की अधिकारी सुश्री शरण ने मनीष देसाई के सेवानिवृत होने के बाद इस पद का कार्यभार संभाला।

– तेल विपणन कंपनियों ने देशभर में उन्नीस किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेण्डर के दाम कम कर दिए हैं। इनमें अलग–अलग शहरों में तीस से बत्तीस रूपये तक की कटौती की गई है।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही के जनपद उपाध्यक्ष जीवन सिंह राठौड़ ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी के जिला अध्यक्ष को अपना इस्तीफा सौंपा।

– जशपुर जिले में लवाकेरा ओडिशा स्टेट हाईवे पर आज ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

– वहीं, रायगढ़ जिले की खारून नदी पुल के पास चारपहिया वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

– जांजगीर–चांपा जिले के ग्राम पुछेली में आज एक मालवाहक गाड़ी में अचानक आग लग गई। इस घटना में गाड़ी में रखे लकड़ी के सामान जलकर नष्ट हो गए।

– मुंगेली पुलिस ने सैंतीस किलोग्राम से अधिक गांजे के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब चार लाख रूपये बताई गई है।

– बलरामपुर पुलिस ने लूट के मामले में देशी रिवॉल्वर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>